1227807

Test Booklet No.
परीक्षा पुस्तिका संख्या

This Booklet contains 48 pages.
इस पुस्तिका में 48 पृष्ठ हैं ।

AK15–I

PAPER I / प्रश्न-पत्र I

MAIN TEST BOOKLET / मुख्य परीक्षा पुस्तिका

Test Booklet Code
परीक्षा पुस्तिका संकेत

C

Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.
इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।

Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.
इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।

INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue / black** ball point pen only.
2. The test is of **2½ hour** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue / Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page/marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **C**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts, I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions, and each carries 1 mark :
   - Part I : Child Development and Pedagogy *(Q. Nos. 1 – 30)*
   - Part II : Mathematics *(Q. Nos. 31 – 60)*
   - Part III : Environmental Studies *(Q. Nos. 61 – 90)*
   - Part IV : Language I – (English/Hindi) *(Q. Nos. 91 – 120)*
   - Part V : Language II – (English/Hindi) *(Q. Nos. 121 – 150)*
6. Part IV contains 30 questions for Language I and Part V contains 30 questions for Language II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language(s) you have opted for as Language I and/or Language II is a language other than English or Hindi, please ask for a Test Booklet that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form.**
7. **Candidates are required to attempt questions in Part V (Language II) in a language other than the one chosen as Language I (in Part IV) from the list of languages.**
8. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
9. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
2. परीक्षा की अवधि **2½ घंटे** है एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं । कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है ।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें ।
4. इस पुस्तिका का **संकेत** है **C**. यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे संकेत से मिलता है । यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं । अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, तथा प्रत्येक 1 अंक का है :
   - भाग I : बाल विकास व शिक्षाशास्त्र *(प्रश्न सं. 1 – 30)*
   - भाग II : गणित *(प्रश्न सं. 31 – 60)*
   - भाग III : पर्यावरण अध्ययन *(प्रश्न सं. 61 – 90)*
   - भाग IV : भाषा I – (अंग्रेज़ी / हिन्दी) *(प्रश्न सं. 91 – 120)*
   - भाग V : भाषा II – (अंग्रेज़ी / हिन्दी) *(प्रश्न सं. 121 – 150)*
6. भाग IV में भाषा I के लिए 30 प्रश्न और भाग V में भाषा II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं । इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से सम्बन्धित प्रश्न दिए गए हैं । **यदि भाषा I और/या भाषा II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है तो कृपया उस भाषा वाली परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए । जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिएँ ।**
7. **परीक्षार्थी भाग V (भाषा II) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा I (भाग IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो ।**
8. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें ।
9. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें । अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें । उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है ।

Name of the Candidate (in Capitals) : _____
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :

Roll Number (अनुक्रमांक) : in figures (अंकों में) _____

: in words (शब्दों में) _____

Centre of Examination (in Capitals) : _____
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :

Candidate's Signature : _____ Invigilator's Signature : _____
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Facsimile signature stamp of Centre Superintendent _____

aglasem.com

PART I / भाग I

CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

Directions : *Answer the following questions by selecting the* ***most appropriate*** *option.*

1. Teachers, in order to help learners construct knowledge, need to focus on
   (1) scores/marks obtained by the learner.
   (2) involving the learner for active participation.
   (3) mastering learning of concepts by the learner.
   (4) making sure the learner memorises everything.

2. Giftedness from teacher's point of view is a combination of
   (1) High Motivation – High Commitment – High Talent
   (2) High Ability – High Talent – High Commitment
   (3) High Talent – High Creativity – High Memory
   (4) High Ability – High Creativity – High Commitment

3. According to NCF 2005, errors are important because they
   (1) provide a way to the teachers to scold the children.
   (2) provide an insight into the child's thinking and help to identify solutions.
   (3) provide space for removing some children from the class.
   (4) are an important tool in classifying students into groups of 'passed' and 'failed'.

4. A child's notebook shows errors in writing like reverse images, mirror imaging, etc. Such a child is showing signs of
   (1) Learning disability
   (2) Learning difficulty
   (3) Learning problem
   (4) Learning disadvantage

निर्देश : *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

1. शिक्षार्थियों के ज्ञान अर्जन में सहायता करने के क्रम में अध्यापकों को किस पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए ?
   (1) शिक्षार्थी के द्वारा प्राप्त किए गए अंकों/ग्रेडों पर
   (2) शिक्षार्थी को सक्रिय सहभागिता के लिए शामिल करना
   (3) शिक्षार्थी के द्वारा अधिगम की अवधारणाओं में कुशलता प्राप्त करना
   (4) सुनिश्चित करना कि शिक्षार्थी सब कुछ याद करते हैं

2. अध्यापक के दृष्टिकोण से प्रतिभाशीलता किसका संयोजन है ?
   (1) उच्च प्रेरणा – उच्च वचनबद्धता – उच्च क्षमता
   (2) उच्च योग्यता – उच्च क्षमता – उच्च वचनबद्धता
   (3) उच्च क्षमता – उच्च सृजनात्मकता – उच्च स्मरणशक्ति
   (4) उच्च योग्यता – उच्च सृजनात्मकता – उच्च वचनबद्धता

3. एन.सी.एफ. 2005 के अनुसार, ग़लतियाँ इस कारण से महत्त्वपूर्ण होती हैं :
   (1) यह अध्यापकों को बच्चों को डाँटने के लिए एक तरीका उपलब्ध कराती हैं
   (2) ये बच्चे के विचार की अन्तर्दृष्टि उपलब्ध कराती हैं तथा समाधानों को पहचानने में सहायता करती हैं
   (3) ये कक्षा से कुछ बच्चों को हटाने के लिए आधार उपलब्ध कराती हैं
   (4) यह विद्यार्थियों को 'उत्तीर्ण' एवं 'अनुत्तीर्ण' समूहों में वर्गीकृत करने के लिए एक महत्त्वपूर्ण उपकरण हैं

4. एक बच्चे की कॉपी में लिखने में विपरीत छवियाँ, दर्पण छवि, आदि जैसी ग़लतियाँ मिलती हैं । इस प्रकार का बच्चा लक्षण प्रदर्शित कर रहा है
   (1) अधिगम में अशक्तता के
   (2) अधिगम में कठिनाई के
   (3) अधिगम में समस्या के
   (4) अधिगम में असुविधा के

aglasem.com

5. Which one of the following is best suited for emotional development of children ?

(1) No involvement of the teachers as it is the task of the parents

(2) Controlled classroom environment

(3) Authoritarian classroom environment

(4) Democratic classroom environment

6. Teachers need to create a good classroom environment to facilitate children's learning. To create such a learning environment, which one of the given statements is ***not*** true ?

(1) Compliance with teachers

(2) Acceptance of the child

(3) Positive tone of the teacher

(4) Approval of the child's efforts

7. Given below are some statements about boys and girls. According to you, which one of these is true ?

(1) Boys should help in household chores.

(2) All boys should be taught Science and girls, Home Science.

(3) Girls should help in household chores.

(4) Boys should help in activities outside the home.

8. To be an effective teacher it is important to

(1) focus on individual learning rather than group activity.

(2) avoid disruption caused due to questioning by students.

(3) be in touch with each and every child.

(4) emphasize dictating answers from the book.

5. निम्नलिखित में से कौन-सा बच्चों के संवेगात्मक विकास के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है ?

(1) अध्यापकों की कोई भी सहभागिता नहीं क्योंकि यह माता-पिता का कार्य है

(2) कक्षा-कक्ष का नियंत्रित परिवेश

(3) कक्षा-कक्ष का अधिकारवादी परिवेश

(4) कक्षा-कक्ष का प्रजातांत्रिक परिवेश

6. बच्चों के अधिगम को सुगम बनाने के लिए अध्यापकों को एक अच्छे कक्षायी परिवेश का सृजन करने की आवश्यकता होती है । इस प्रकार के अधिगम परिवेश का सृजन करने के लिए नीचे दिए गए कथनों में से कौन-सा सही ***नहीं*** है ?

(1) अध्यापकों के अनुसार कार्य करना

(2) बच्चे को स्वीकार करना

(3) अध्यापक का सकारात्मक रुख़

(4) बच्चे के प्रयासों को स्वीकृति

7. लड़कों एवं लड़कियों के विषय में कुछ कथन नीचे दिए गए हैं । आपके अनुसार इनमें से कौन-सा सही है ?

(1) लड़कों को घर के कामों में सहायता करनी चाहिए ।

(2) सभी लड़कों को विज्ञान तथा लड़कियों को गृह विज्ञान पढ़ाया जाना चाहिए ।

(3) लड़कियों को घर के कामों में सहायता करनी चाहिए ।

(4) लड़कों को घर के बाहर के कामों में सहायता करनी चाहिए ।

8. एक प्रभावशाली अध्यापिका होने के लिए यह महत्त्वपूर्ण है :

(1) समूह गतिविधि के बजाय वैयक्तिक अधिगम पर ध्यान देना

(2) विद्यार्थियों के द्वारा प्रश्न पूछने के कारण उत्पन्न व्यवधान की अनदेखी करना

(3) प्रत्येक बच्चे के सम्पर्क में रहना

(4) पुस्तक से उत्तरों को लिखाने पर बल देना

aglasem.com

9. Which one of the following is ***not*** a suitable formative assessment task ?

(1) Project

(2) Observation

(3) Ranking the students

(4) Open-ended questions

10. Deficiency in the ability to write, associated with impaired handwriting, is a symptom of

(1) Dyspraxia

(2) Dyscalculia

(3) Dyslexia

(4) Dysgraphia

11. According to Piaget theory, which one out of the following will ***not*** influence one's cognitive development ?

(1) Social experiences

(2) Maturation

(3) Activity

(4) Language

12. Which of these does ***not*** imply practical intelligence in the Triarchic theory ?

(1) Thinking practically about oneself only

(2) Choosing an environment in which you can succeed

(3) Adapting to the environment

(4) Reshaping the environment

13. "Anyone can become angry — that is easy, but to be angry with the right person, to the right degree, at the right time, for the right purpose, and in the right way — that is not easy." This is related to

(1) Social development

(2) Cognitive development

(3) Physical development

(4) Emotional development

9. निम्नलिखित में से कौन-सा एक उपयुक्त रचनात्मक आकलन कार्य ***नहीं*** है ?

(1) परियोजना

(2) अवलोकन

(3) विद्यार्थियों का योग्यता क्रम निर्धारित करना

(4) खुले अन्त वाले प्रश्न

10. विकृत लिखावट से सम्बन्धित लिखने की योग्यता में कमी किसका एक लक्षण है ?

(1) डिस्प्रैक्सिया

(2) डिस्कैल्कुलिया

(3) डिस्लेक्सिया

(4) डिस्ग्राफिया

11. पियाज़े के सिद्धान्त के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्ति के संज्ञानात्मक विकास को प्रभावित ***नहीं*** करेगा ?

(1) सामाजिक अनुभव

(2) परिपक्वन

(3) क्रियाकलाप

(4) भाषा

12. इनमें से से कौन-सा त्रितंत्रीय सिद्धान्त में व्यावहारिक बुद्धि का अभिप्राय ***नहीं*** है ?

(1) केवल अपने विषय में व्यावहारिक रूप से विचार करना

(2) इस प्रकार के पर्यावरण का चयन करना जिसमें आप सफल हो सकते हैं

(3) पर्यावरण के साथ अनुकूलन करना

(4) पर्यावरण का पुनर्निर्माण करना

13. "कोई भी नाराज़ हो सकता है — यह आसान है, परन्तु एक सही व्यक्ति के ऊपर, सही मात्रा में, सही समय पर, सही उद्देश्य के लिए तथा सही तरीके से नाराज़ होना आसान नहीं है ।" यह सम्बन्धित है

(1) सामाजिक विकास से

(2) संज्ञानात्मक विकास से

(3) शारीरिक विकास से

(4) संवेगात्मक विकास से

aglasem.com

14. In learning, assessment is essential for

(1) Screening test

(2) Motivation

(3) Fostering of the purpose of segregation and ranking

(4) Grades and Marks

15. Fitting new information into existing schemes is known as

(1) Equilibration

(2) Assimilation

(3) Organisation

(4) Accommodation

16. We all differ in terms of our intelligence, motivation, interest, etc. This principle refers to

(1) Theories of Intelligence

(2) Heredity

(3) Environment

(4) Individual difference

17. Students of disadvantaged groups should be taught along with the normal students. It implies

(1) Special Education

(2) Integrated Education

(3) Exclusive Education

(4) Inclusive Education

18. 'Out-of-the-box' thinking is related to

(1) Memory-based Thinking

(2) Divergent Thinking

(3) Convergent Thinking

(4) Consistent Thinking

14. अधिगम में आकलन किस लिए आवश्यक होता है ?

(1) जाँच परीक्षण के लिए

(2) प्रेरणा के लिए

(3) पृथक्करण और श्रेणीकरण के उद्देश्य को प्रोत्साहन देने के लिए

(4) ग्रेड एवं अंकों के लिए

15. प्रचलित योजनाओं में नई जानकारी जोड़ने को किस नाम से जाना जाता है ?

(1) साम्यधारण

(2) आत्मसात्करण

(3) संगठन

(4) समायोजन

16. हम सभी अपनी बुद्धि, प्रेरणा, अभिरुचि, आदि के संदर्भ में भिन्न होते हैं । यह सिद्धान्त सम्बन्धित है

(1) बुद्धि के सिद्धान्तों से

(2) वंशानुक्रम से

(3) पर्यावरण से

(4) वैयक्तिक भिन्नता से

17. वंचित समूहों के विद्यार्थियों को सामान्य विद्यार्थियों के साथ-साथ पढ़ाना चाहिए । इसका अभिप्राय है

(1) विशेष शिक्षा

(2) एकीकृत शिक्षा

(3) अपवर्जक शिक्षा

(4) समावेशी शिक्षा

18. 'ऑउट-ऑफ-द-बॉक्स' चिन्तन किससे सम्बन्धित है ?

(1) स्मृति-आधारित चिंतन

(2) अपसारी चिंतन

(3) अभिसारी चिंतन

(4) अनुकूल चिंतन

aglasem.com

19. The assessment of students can be used by teachers in teaching to develop insight into

(1) not promoting those students who do not meet school standards.

(2) changing the teaching approach according to the learners' need.

(3) creating groups of 'bright' and 'weak' students in the class.

(4) identifying the students who need to be promoted to the higher class.

20. Learning experiences should be planned in a manner so as to make learning meaningful. Which of the given learning experiences does ***not*** facilitate meaningful learning for the children ?

(1) Formulating questions on content

(2) Discussion and debate on the topic

(3) Presentation on the topic

(4) Repetition based on mere recall of content

21. Giving punishment, verbal or non-verbal, to the children results in

(1) protecting the child's image.

(2) improving their scores.

(3) damaging their self-concept.

(4) motivating them to work.

22. A teacher, labelled the head of a committee, as 'chairperson' instead of 'chairman'. It indicates that the teacher

(1) has a good command of language

(2) is using a gender-free language

(3) has gender bias

(4) follows a more acceptable term

19. शिक्षण में अध्यापकों के द्वारा विद्यार्थियों का आकलन इस अन्तर्दृष्टि को विकसित करने के लिए किया जा सकता है :

(1) उन विद्यार्थियों को प्रोन्नत न करना जो विद्यालय के स्तर के अनुकूल नहीं हैं

(2) शिक्षार्थियों की आवश्यकता के अनुसार शिक्षण उपागम में परिवर्तन करना

(3) कक्षा में 'प्रतिभाशाली' तथा 'कमज़ोर' विद्यार्थियों के समूह बनाना

(4) उन विद्यार्थियों की पहचान करना जिन्हें उच्चतर कक्षा में प्रोन्नत करना है

20. अधिगम अनुभवों को इस प्रकार से आयोजित किया जाना चाहिए जिससे अधिगम को सार्थक बनाया जा सके । नीचे दिए गए अधिगम अनुभवों में से कौन-सा बच्चों के लिए सार्थक अधिगम को सुगम ***नहीं*** बनाता है ?

(1) विषय-वस्तु पर प्रश्न बनाना

(2) प्रकरण पर परिचर्चा और वाद-विवाद

(3) प्रकरण पर प्रस्तुतीकरण

(4) विषय-वस्तु की केवल याद करने के आधार पर पुनरावृत्ति

21. बच्चों को शाब्दिक या ग़ैर-शाब्दिक दण्ड देने का परिणाम होता है

(1) बच्चे की छवि की सुरक्षा करना ।

(2) उनके अंकों में सुधार करना ।

(3) उनके स्वयं के प्रति अवधारणा को नष्ट करना ।

(4) उन्हें कार्य करने के लिए प्रेरित करना ।

22. अध्यापिका ने एक कमेटी के प्रधान को 'सभापति' के स्थान पर 'सभाध्यक्ष' लिखा । यह संकेत करता है कि अध्यापिका

(1) भाषा पर अच्छा अधिकार रखती है

(2) एक लिंग-मुक्त भाषा का प्रयोग कर रही है

(3) लिंग पूर्वग्रह से ग्रस्त है

(4) एक अधिक उपयुक्त पारिभाषिक शब्द का पालन करती है

aglasem.com

23. Continuous and Comprehensive Evaluation is essential for

(1) diluting the accountability of the Board of Education

(2) correcting less-frequent errors more than more-frequent errors

(3) understanding how learning can be observed, recorded and improved upon

(4) fine tuning of test with the teaching

24. In Lawrence Kohlberg's theory, which level signifies the absence of morality in the true sense ?

(1) Level IV

(2) Level I

(3) Level II

(4) Level III

25. Which one of the following is ***not*** correct for the progressive model of socialization of children ?

(1) Children accept what they are offered by the school irrespective of their social backgrounds.

(2) There should be a place for democracy in the classroom.

(3) Socialization is an adoption of social norms.

(4) Active participation in the group work and learning social skills.

26. The teacher noticed that Pushpa cannot solve a problem on her own. However, she does so in the presence of adult or peer guidance. This guidance is called

(1) Pre-operational thinking

(2) Zone of proximal development

(3) Scaffolding

(4) Lateralization

23. सतत एवं व्यापक मूल्यांकन किस लिए आवश्यक है ?

(1) शिक्षा बोर्ड की जवाबदेही कम करने के लिए

(2) जल्दी-जल्दी की जाने वाली ग़लतियों की तुलना में कम अन्तराल पर की जाने वाली ग़लतियों को सुधारना

(3) यह समझने के लिए कि अधिगम का किस प्रकार अवलोकन किया जाता है, दर्ज़ किया जाता है व सुधार किया जा सकता है

(4) शिक्षण के साथ परीक्षण का तालमेल बैठाने के लिए

24. लॉरेन्स कोह्लबर्ग के सिद्धान्त में कौन-सा स्तर नैतिकता की अनुपस्थिति को सही अर्थ में सूचित करता है ?

(1) स्तर IV

(2) स्तर I

(3) स्तर II

(4) स्तर III

25. निम्नलिखित में से कौन-सा बच्चों के समाजीकरण के प्रगतिशील मॉडल के संदर्भ में सही ***नहीं*** है ?

(1) बच्चे विद्यालय में बताई गई बातों को स्वीकार करते हैं चाहे उनकी सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो ।

(2) कक्षा में प्रजातंत्र के लिए स्थान होना चाहिए ।

(3) समाजीकरण सामाजिक नियमों का अधिग्रहण है ।

(4) समूह कार्य में सक्रिय सहभागिता तथा सामाजिक कौशलों को सीखना ।

26. अध्यापिका ने ध्यान दिया कि पुष्पा अपने-आप किसी एक समस्या का समधान नहीं कर सकती है । फिर भी वह एक वयस्क या साथी के मार्गदर्शन की उपस्थिति में ऐसा करती है । इस मार्गदर्शन को कहते हैं

(1) पूर्व-क्रियात्मक चिन्तन

(2) समीपस्थ विकास का क्षेत्र

(3) सहारा देना

(4) पार्श्वकरण

aglasem.com

27. Which one out of the following provides information about the roles and behaviours which are acceptable in a group, during early childhood period ?

(1) Teachers and Peers

(2) Peers and Parents

(3) Parents and Siblings

(4) Siblings and Teachers

27. निम्नलिखित में से कौन प्रारम्भिक बाल्यावस्था अवधि के दौरान उन भूमिकाओं एवं व्यवहारों के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं जो एक समूह में स्वीकार्य हैं ?

(1) अध्यापक एवं साथी

(2) साथी एवं माता-पिता

(3) माता-पिता एवं भाई-बहन

(4) भाई-बहन एवं अध्यापक

28. Which of the following age groups falls under later childhood category ?

(1) 18 to 24 years

(2) Birth to 6 years

(3) 6 to 11 years

(4) 11 to 18 years

28. निम्नलिखित में से कौन-सा आयु समूह परवर्ती बाल्यावस्था श्रेणी के अन्तर्गत आता है ?

(1) 18 से 24 वर्ष

(2) जन्म से 6 वर्ष

(3) 6 से 11 वर्ष

(4) 11 से 18 वर्ष

29. Aarjav says that language development is influenced by one's innate predisposition while Sonali feels that it is because of the environment. This discussion between Aarjav and Sonali is about

(1) Stability and Instability argument

(2) Continuous and Discontinuous learning

(3) Nature and Nurture debate

(4) Critical and Sensitive feeling

29. आर्जव तर्क देता है कि भाषा विकास व्यक्ति की नैसर्गिक प्रवृत्ति से प्रभावित होता है जबकि सोनाली महसूस करती है कि यह परिवेश से प्रभावित होता है । आर्जव और सोनाली के बीच यह चर्चा किस विषय में है ?

(1) स्थिरता तथा अस्थिरता पर बहस

(2) सतत तथा असतत अधिगम

(3) प्रकृति तथा पालन-पोषण वाद-विवाद

(4) चुनौतीपूर्ण तथा संवेदनशील भावना

30. Making students members of a cleanliness community to motivate them for the same, reflects

(1) Behaviouristic approach to motivation

(2) Humanistic approach to motivation

(3) Cognitive approach to motivation

(4) Socio-cultural conceptions of motivation

30. विद्यार्थियों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने हेतु उन्हें स्वच्छता समिति का सदस्य बनाना, प्रतिबिम्बित करता है

(1) प्रेरणा का व्यवहारवादी उपागम

(2) प्रेरणा का मानवतावादी उपागम

(3) प्रेरणा का संज्ञानात्मक उपागम

(4) प्रेरणा की सामाजिक-सांस्कृतिक संकल्पनाएँ

aglasem.com

PART II / भाग II

MATHEMATICS / गणित

Directions : *Answer the following questions by selecting the* ***most appropriate*** *option.*

31. The sum of place values of 5 in 6251, 6521 and 5621 is

(1) 15

(2) 5550

(3) 5050

(4) 550

32. Which one of the following statements is true ?

(1) The difference of an even number and an odd number can be an even number.

(2) The sum of two odd numbers and one even number is an even number.

(3) The sum of three odd numbers is an even number.

(4) The product of three odd numbers is an even number.

33. A one-litre carton of juice is in the shape of a cuboid and has a square base of size 8 cm by 8 cm. The depth of juice in the carton, in centimeters, is closest to

(1) 22

(2) 16

(3) 18

(4) 20

निर्देश : *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

31. 6251, 6521 और 5621 में 5 के स्थानीय मानों का योगफल है

(1) 15

(2) 5550

(3) 5050

(4) 550

32. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही है ?

(1) एक सम संख्या और एक विषम संख्या का अन्तर एक सम संख्या हो सकता है ।

(2) दो विषम संख्याओं और एक सम संख्या का योगफल एक सम संख्या है ।

(3) तीन विषम संख्याओं का योगफल एक सम संख्या है ।

(4) तीन विषम संख्याओं का गुणनफल एक सम संख्या है ।

33. एक-लीटर जूस का डिब्बा घनाकार आकृति का है और उसका आधार वर्गाकार, जिसकी माप 8 × 8 सेमी है । डिब्बे में जूस की गहराई (सेंटीमीटर में) किसके अधिक समीप होगी ?

(1) 22

(2) 16

(3) 18

(4) 20

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

aglasem.com

34. Which one of the following does ***not*** match curricular expectations of teaching mathematics at the primary level ?

(1) Analyse and infer from representation of grouped data

(2) Develop a connection between the logical functioning of daily life and that of mathematical thinking

(3) Develop language and symbolic notations with standard algorithms of performing number operations

(4) Represent part of whole as a fraction and order simple fractions

35. The main goal of Mathematics education is

(1) to help the students to understand mathematics.

(2) to develop useful capabilities.

(3) to develop children's abilities for mathematization.

(4) to formulate theorems of Geometry and their proofs independently.

36. At primary level use of tangram, dot games, patterns, etc. helps the students to

(1) enhance spatial understanding ability.

(2) develop sense of comparing numbers.

(3) strengthen calculation skills.

(4) understand basic operations.

34. निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक स्तर पर गणित शिक्षण की पाठ्यचर्या अपेक्षाओं के साथ मेल ***नहीं*** खाता है ?

(1) वर्गीकृत आँकड़ों के निरूपण का विश्लेषण करना तथा निष्कर्ष निकालना

(2) दैनिक जीवन की तार्किक कार्यप्रणाली तथा गणितीय सोच के बीच संयोजन का विकास

(3) मानक परिकलन प्रणाली से संख्या-सम्बन्धी संक्रियाओं के करने में भाषा और प्रतीक चिह्नों का विकास

(4) भिन्न को पूर्ण के अंश के रूप में प्रदर्शित करना तथा सरल भिन्नों को व्यवस्थित करना

35. गणित की शिक्षा का मुख्य ध्येय है

(1) विद्यार्थियों को गणित समझने में सहायता करना ।

(2) उपयोगी क्षमताओं को विकसित करना ।

(3) बच्चों की गणितीय प्रतिभाओं का विकास करना ।

(4) ज्यामिति के प्रमेयों और उनके प्रमाणों का स्वतंत्र रूप से सृजन करना ।

36. प्राथमिक स्तर पर टेनग्राम, बिन्दु के खेल, प्रतिरूप, इत्यादि का प्रयोग विद्यार्थियों की सहायता करते हैं

(1) स्थानिक समझ की योग्यता में वृद्धि के लिए ।

(2) संख्याओं की तुलना का बोध विकसित करने में ।

(3) परिकलन कौशलों के संवर्द्धन में ।

(4) मूलभूत संक्रियाओं को समझने में ।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

aglasem.com

37. From the unit of 'Shapes' the teacher asked the students to "make/draw any picture by using shapes".

The objective that can be achieved through this activity is

(1) Knowledge

(2) Comprehension

(3) Creating

(4) Application

38. Arjun, a student of class IV, is able to answer all questions related to Number System orally, but commits mistakes while writing the solutions of problems based on Number System. The best remedial strategy to remove errors in his writing is

(1) to relate real life experiences with mathematical concepts.

(2) to provide him a worksheet with partially solved problems to complete the missing gaps.

(3) to teach more than one way of solving problems of Number System.

(4) to give him 10 practice tests.

39. What is the value of
$-1+2-3+4-5+6-7+\ldots+1000$?

(1) 2000

(2) 0

(3) 1

(4) 500

37. 'आकृतियों' की इकाई से अध्यापक, विद्यार्थियों से "आकृतियों के उपयोग की सहायता से किसी भी चित्र की रचना करने" के लिए कहता है ।

इस क्रियाकलाप से निम्नलिखित में से कौन-सा उद्देश्य प्राप्त किया जा सकता है ?

(1) ज्ञान

(2) समझ/बोध

(3) रचना/सृजन

(4) अनुप्रयोग

38. कक्षा IV का छात्र, अर्जुन संख्या प्रणाली से सम्बन्धित सभी प्रश्नों का उत्तर मौखिक रूप से दे सकता है, परन्तु संख्या प्रणाली पर आधारित समस्याओं के हल लिखने में ग़लतियाँ करता है । लिखने में उसकी त्रुटियों को सुधारने के लिए सबसे अच्छी उपचारात्मक तकनीक है

(1) वास्तविक जीवन के अनुभवों को गणितीय संकल्पनाओं के साथ सम्बन्धित करना ।

(2) उसको एक कार्यपत्रक देना जिसमें समस्याएँ आंशिक रूप से हल की गई हों और उसे खाली स्थान भरने हों ।

(3) संख्या प्रणाली की समस्याएँ हल करने के लिए एक से अधिक तरीके सिखाना ।

(4) उसे 10 अभ्यास परीक्षाएँ देना ।

39. $-1+2-3+4-5+6-7+\ldots+1000$ का मान क्या है ?

(1) 2000

(2) 0

(3) 1

(4) 500

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

aglasem.com

40. Perimeter of a square is 44 cm. The perimeter of a rectangle is equal to the perimeter of this square. The length of the rectangle is 5 cm more than the side of the square. The sum of areas (in cm^2) of the square and the rectangle is

(1) 229
(2) 169
(3) 140
(4) 217

41. As per the NCF 2005, the narrow aim of teaching Mathematics at schools is

(1) to develop numeracy related skills.
(2) to teach algebra.
(3) to teach calculation and measurements.
(4) to teach daily life problems related to linear algebra.

42. Ravi has three dozen chocolates. He gave one-third of them to his neighbour, one-sixth to Rehana and one-fourth to his sister. How many chocolates are left with him ?

(1) 10
(2) 6
(3) 8
(4) 9

43. A child who is able to perform all number operations and is able to explain the concept of fractions is at

(1) operational phase
(2) emergent phase
(3) quantifying phase
(4) partition phase

40. एक वर्ग का परिमाप 44 सेंटीमीटर है । एक आयत का परिमाप इस वर्ग के परिमाप के बराबर है । आयत की लम्बाई वर्ग की भुजा से 5 सेंटीमीटर अधिक है । वर्ग और आयत के क्षेत्रफलों (सेमी^{2} में) का योगफल है

(1) 229
(2) 169
(3) 140
(4) 217

41. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार, विद्यालयों में गणित शिक्षण का संकीर्ण उद्देश्य है

(1) संख्यात्मक कौशलों का विकास ।
(2) बीजगणित पढ़ाना ।
(3) परिकलन व मापन पढ़ाना ।
(4) रैखिक बीजगणित से सम्बन्धित दैनिक जीवन की समस्याओं की शिक्षा ।

42. रवि के पास तीन दर्जन चॉकलेट हैं । उसने उनका एक-तिहाई भाग अपने पड़ोसी को, एक-छठवाँ भाग रेहाना को और एक-चौथाई भाग अपनी बहन को दे दिया । उसके पास अब कितनी चॉकलेट बची हैं ?

(1) 10
(2) 6
(3) 8
(4) 9

43. एक बच्चा जिस अवस्था में सभी संख्या सम्बन्धी संक्रियाओं को करने में सक्षम है तथा भिन्नों के संप्रत्यय की व्याख्या करने में सक्षम है, वह अवस्था है

(1) संक्रियात्मक अवस्था
(2) आरम्भिक अवस्था
(3) परिमाणात्मक अवस्था
(4) विभाजनात्मक अवस्था

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

aglasem.com

44. A teacher introduced multiplication in her class as repeated addition and then by grouping of same number of objects taken multiple times she introduced the '×' symbol and further conducted a small activity of finding product using criss-cross lines or matchsticks. Here the teacher is

(1) using multiple representations to make the class interesting.

(2) developing a lesson and taking students 'from concrete to abstract concept'.

(3) catering to learners with different learning styles.

(4) providing remedial strategies for low achievers in mathematics.

45. Akanksha wants to become a good mathematics teacher. To be a good mathematics teacher she must have

(1) conceptual knowledge, understanding and ability to relate content of

44. एक अध्यापिका अपनी कक्षा में गुणा को बार-बार किए जाने वाले जोड़ के रूप में बता रही है । उसके बाद समान संख्या की वस्तुओं का समूहन कर गुणा के रूप में बताती है । तत्पश्चात् चिह्न '×' से परिचित कराती है तथा अन्त में गुणनफल पता करने के लिए आड़ी-तिरछी रेखाओं अथवा माचिस की तीलियों की सहायता से एक छोटा क्रियाकलाप कराती है । यहाँ अध्यापिका कर रही है

(1) कक्षा को आनन्ददायी बनाने के लिए तरह-तरह के प्रस्तुतीकरण ।

(2) 'मूर्त से अमूर्त संप्रत्यय की ओर' के रूप में एक पाठ का विकास ।

(3) विभिन्न अधिगम शैलियों वाले शिक्षार्थियों का ध्यान रखना ।

(4) गणित में कम सफल बच्चों के लिए उपचारात्मक युक्तियाँ प्रदान करना ।

45. आकांक्षा गणित की एक अच्छी अध्यापिका बनना चाहती है । गणित की अच्छी अध्यापिका के लिए आवश्यक है कि उसके पास

(1) गणितीय विषय-वस्तु को वास्तविक जीवन से

aglasem.com

46. It is important to conduct mathematical recreational activities and challenging geometrical puzzles in the class as

(1) they bring students out of the monotonous and boring routines of mathematics classroom.

(2) they give space to gifted learners.

(3) they are helpful to enhance spatial and analytical ability of every learner.

(4) they can create interest in low achievers and slow learners in mathematics.

47. 'Vedic Mathematics' is becoming popular nowadays especially amongst primary school children and is used to enhance

(1) the problem solving skills of students in mathematics.

(2) the concentration of students in mathematics.

(3) the calculation skills and speed in mathematics.

(4) the algorithmic understanding of students in mathematics.

48. Formative Assessment in Mathematics at primary stage includes

(1) identification of common errors.

(2) testing of procedural knowledge and analytical abilities.

(3) grading and ranking of students.

(4) identification of learning gaps and deficiencies in teaching.

46. कक्षा में गणितीय मनोरंजनात्मक क्रियाकलाप तथा चुनौतीपूर्ण ज्यामितीय पहेलियाँ सम्बन्धी क्रियाकलाप महत्त्वपूर्ण हैं क्योंकि

(1) वे विद्यार्थियों को उनकी गणित कक्षा की एकरूपता तथा दैनिक चर्या के कारण होने वाली ऊब से बाहर लाते हैं ।

(2) वे प्रतिभाशाली शिक्षार्थियों को उचित अवसर प्रदान करते हैं ।

(3) वे प्रत्येक शिक्षार्थी की स्थानिक व विश्लेषणात्मक योग्यता के संवर्द्धन में सहायक हैं ।

(4) वे गणित में कम सफल शिक्षार्थियों तथा मंद गति से सीखने वाले शिक्षार्थियों में रुचि उत्पन्न करने में सहायक होते हैं ।

47. 'वैदिक गणित', आजकल विशेष रूप से प्राथमिक विद्यालय के बच्चों में बहुत लोकप्रिय होता जा रहा है । इसका प्रयोग निम्नलिखित में से किसके विकास/संवर्धन में होता है ?

(1) विद्यार्थियों के गणित में समस्या समाधान कौशल

(2) विद्यार्थियों की गणित में एकाग्रता

(3) गणित में गणना के कौशल तथा गति

(4) विद्यार्थियों की गणित में परिकलन प्रक्रिया की समझ

48. प्राथमिक अवस्था में गणित में रचनात्मक मूल्यांकन में अन्तर्निहित है

(1) सामान्य त्रुटियों को पहचानना ।

(2) क्रियाप्रणाली के ज्ञान और विश्लेषणात्मक प्रतिभाओं की परीक्षा ।

(3) विद्यार्थियों के ग्रेड (श्रेणी) और रैंक (स्थिति) ।

(4) अधिगम में असंगति को और शिक्षण में कमियों को पहचानना ।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

aglasem.com

49. A teacher uses the exploratory approach, use of manipulatives and involvement of students in discussion while giving the concepts of mathematics. She uses this strategy to

(1) develop manipulative skills among the students.

(2) create a certain way of thinking and reasoning.

(3) achieve the narrow aim of teaching mathematics.

(4) achieve the higher aim of teaching mathematics.

50. A teacher asks Shailja of class V about the perimeter of a figure.
She also asked Shailja to explain the solution in her words. Shailja was able to solve the problem correctly but was not able to explain it. This reflects that Shailja is having

(1) poor understanding of concept of perimeter but good verbal ability

(2) lower language proficiency and lower order mathematical proficiency

(3) lower language proficiency and higher order mathematical proficiency

(4) poor confidence level and poor mathematical skills

51. The section, 'Practice Time' included in different topics in Mathematics textbook aims at

(1) having a change in daily routine

(2) ensuring better utilization of time

(3) providing extended learning opportunities

(4) providing fun and enjoyment to students

49. एक शिक्षक गणित के संप्रत्ययों को सिखाते हुए खोजपरक उपागम का उपयोग करती है, विद्यार्थियों की व्यवहारिक क्षमताओं का उपयोग करती है और उन्हें चर्चा में शामिल करती है । वह इस युक्ति का प्रयोग किस लिए करती है ?

(1) विद्यार्थियों में व्यवहारिक क्षमताओं के विकास के लिए

(2) एक निश्चित प्रकार की सोच व तार्किकता विकसित करने के लिए

(3) गणित शिक्षण के संकीर्ण उद्देश्य की प्राप्ति के लिए

(4) गणित शिक्षण के उच्चतर उद्देश्य की प्राप्ति के लिए

50. एक शिक्षिका कक्षा V की शैलजा से एक आकृति के परिमाप के बारे में पूछती है ।
वह शैलजा से उसके हल को अपने शब्दों में बताने को भी कहती है । शैलजा समस्या का सही हल करने में सक्षम थी परन्तु उसकी व्याख्या करने में सक्षम नहीं थी । यह शैलजा की निम्न विशेषता प्रदर्शित करता है :

(1) परिमाप के संप्रत्यय की कम समझ परन्तु अच्छी मौखिक योग्यता

(2) निम्न स्तरीय भाषा प्रवीणता और निम्न स्तरीय गणितीय प्रवीणता

(3) निम्न स्तरीय भाषा प्रवीणता और उच्च स्तरीय गणितीय प्रवीणता

(4) कम आत्मविश्वास स्तर तथा कम गणितीय कौशल

51. गणित की पाठ्य-पुस्तक में विभिन्न प्रकरणों में खण्ड 'अभ्यास समय' को समावेशित करने का उद्देश्य है

(1) दैनिक जीवनचर्या में बदलाव करना

(2) समय का बेहतर सदुपयोग सुनिश्चित करना

(3) विस्तृत अधिगम अवसर प्रदान करना

(4) विद्यार्थियों को आनन्द व मस्ती प्रदान करना

aglasem.com

52. 13 students of class V A and 15 of class V B participated in a writing competition. They scored marks as follows :

Class V A 14, 6, 15, 12, 11, 11, 7, 9, 17, 13, 3, 10, 18

Class V B 13, 9, 0, 7, 14, 6, 0, 9, 16, 9, 13, 16, 5, 18, 11

What inference can you draw from the given data ?

(1) Class V A performed better because the average score of V A is more.

(2) Both the sections performed equally well because the total marks scored by both the sections are the same.

(3) Both the sections performed equally well because the average marks of both the sections are the same.

(4) Both the sections performed equally well because the highest score of both the sections is 18.

53. How many $\frac{1}{10}$ are in $\frac{6}{5}$?

(1) 5

(2) 12

(3) 10

(4) 8

52. कक्षा पाँच 'अ' के 13 विद्यार्थी तथा कक्षा पाँच 'ब' के 15 विद्यार्थी एक लेखन प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हैं । उनके द्वारा अर्जित अंक इस प्रकार हैं :

कक्षा V अ 14, 6, 15, 12, 11, 11, 7, 9, 17, 13, 3, 10, 18

कक्षा V ब 13, 9, 0, 7, 14, 6, 0, 9, 16, 9, 13, 16, 5, 18, 11

दिए गए आँकड़ों से आप क्या निष्कर्ष निकाल सकते हैं ?

(1) कक्षा V अ का प्रदर्शन बेहतर रहा, क्योंकि V अ का औसत प्राप्तांक अधिक है ।

(2) दोनों विभागों का प्रदर्शन समान रहा, क्योंकि दोनों विभागों के द्वारा प्राप्त कुल अंक बराबर हैं ।

(3) दोनों विभागों का प्रदर्शन समान रहा, क्योंकि दोनों विभागों के द्वारा प्राप्त अंकों का औसत एक-सा है ।

(4) दोनों विभागों का प्रदर्शन समान रहा, क्योंकि दोनों विभागों के द्वारा प्राप्त अधिकतम अंकों का मान 18 है ।

53. $\frac{6}{5}$ में कितने $\frac{1}{10}$ हैं ?

(1) 5

(2) 12

(3) 10

(4) 8

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

aglasem.com

54. On dividing 110111 by 11, the sum of the quotient and the remainder is

(1) 11001

(2) 10101

(3) 10011

(4) 11011

55. What should be subtracted from the product 102×201 to get 19999 ?

(1) 602

(2) 103

(3) 401

(4) 503

56. Which of the following is ***not*** correct ?

(1) 2 kg 30 g is the same as 2030 g

(2) 3 litres 80 millilitres = 380 millilitres

(3) Area of a square of side 10 cm = Area of the rectangle of length 100 cm and breadth 0·01 m

(4) 3 hours 14 minutes = 194 minutes

57. Number of degrees in two and two-third of a right-angle is

(1) 270

(2) 180

(3) 210

(4) 240

54. 110111 को 11 से भाग देने पर प्राप्त भागफल व शेषफल का योगफल है

(1) 11001

(2) 10101

(3) 10011

(4) 11011

55. गुणनफल 102×201 में से क्या घटाया जाए ताकि 19999 प्राप्त हो ?

(1) 602

(2) 103

(3) 401

(4) 503

56. निम्नलिखित में से कौन-सा सही ***नहीं*** है ?

(1) 2 किलोग्राम 30 ग्राम = 2030 ग्राम

(2) 3 लीटर 80 मिलिलीटर = 380 मिलिलीटर

(3) 10 सेंटीमीटर भुजा वाले वर्ग का क्षेत्रफल = 100 सेंटीमीटर लम्बाई तथा 0·01 मीटर चौड़ाई वाले आयत का क्षेत्रफल

(4) 3 घंटे 14 मिनट = 194 मिनट

57. दो और दो-तिहाई समकोणों में डिग्रियों की संख्या है

(1) 270

(2) 180

(3) 210

(4) 240

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

aglasem.com

58. (Sum of multiples of 7 between 21 and 49) ÷ (Biggest common factor of 25 and 30) is equal to

(1) 37

(2) 14

(3) 21

(4) 35

59. The sum of all the positive factors of 96 is

(1) 252

(2) 155

(3) 156

(4) 251

60. A train leaves a station at 6 : 14 a.m. and reaches its destination after 13 hours 48 minutes. The time at the destination is

(1) 8 : 12 p.m.

(2) 7 : 02 p.m.

(3) 7 : 12 p.m.

(4) 8 : 02 p.m.

58. (21 और 49 के बीच 7 के गुणजों का योगफल) ÷ (25 और 30 का सबसे बड़ा सार्व गुणनखंड) बराबर है

(1) 37

(2) 14

(3) 21

(4) 35

59. 96 के सभी धनात्मक गुणनखंडों का योगफल है

(1) 252

(2) 155

(3) 156

(4) 251

60. एक रेलगाड़ी एक स्टेशन से 6 : 14 a.m. पर चलक अपने गंतव्य स्थान पर 13 घंटे 48 मिनट के पश्चा पहुँच जाती है । गंतव्य स्थान पर पहुँचने का समय है

(1) 8 : 12 p.m.

(2) 7 : 02 p.m.

(3) 7 : 12 p.m.

(4) 8 : 02 p.m.

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

aglasem.com

PART III / भाग III

ENVIRONMENTAL STUDIES / पर्यावरण अध्ययन

Directions : *Answer the following questions by selecting the* ***most appropriate*** *option.*

61. NCF 2005 has not recommended any prescribed curriculum and text-books for EVS for classes I and II. The most appropriate reason for this ;

(1) EVS is only for class III onwards

(2) Learners in class I and II cannot read and write

(3) To provide contextual learning environment

(4) To reduce the load of curriculum

62. A teacher has to teach about cultural diversity in food in our country to class IV students. Which of the following is the best way to teach this topic ?

(1) Give a project to students about different kinds of food taken by the people of various states in our country.

(2) Ask students what they have eaten, followed by a discussion.

(3) Ask students to collect information about the kind of food taken in their family.

(4) Show flash cards having pictures of various food items.

63. All of the following are indicative of the general approach to be followed for EVS in primary classes except from

A. concrete to abstract

B. simple to complex

C. local to global

D. abstract to concrete

(1) Only D

(2) Only A and B

(3) Only B and C

(4) Only B

निर्देश : *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

61. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (NCF) 2005 ने कक्षा I और II के लिए पर्यावरण अध्ययन के किसी पाठ्यक्रम या पाठ्य-पुस्तकों की संस्तुति नहीं की है । इसके लिए सबसे उपयुक्त कारण है ;

(1) पर्यावरण अध्ययन केवल कक्षा III से आगे की कक्षाओं के लिए है

(2) कक्षा I और II के शिक्षार्थी पढ़ना-लिखना नहीं जानते

(3) संदर्भयुक्त अधिगम परिवेश प्रदान करना

(4) पाठ्यक्रम का भार कम करने के लिए

62. एक अध्यापक को कक्षा IV के विद्यार्थियों को हमारे देश के भोजन की सांस्कृतिक विविधताएँ पढ़ानी हैं । इस विषय को पढ़ाने के लिए सर्वोत्तम विधि निम्नलिखित में से क्या है ?

(1) अपने देश के विभिन्न राज्यों के विभिन्न लोगों द्वारा खाए जाने वाले विविध भोजन के बारे में विद्यार्थियों को एक प्रोजेक्ट (परियोजना) दें ।

(2) विद्यार्थियों से पूछें कि उन्होंने क्या खाया है, उसके बाद चर्चा करें ।

(3) विद्यार्थियों से कहें कि वे अपने परिवार के भोजन के बारे में सूचना एकत्र करें ।

(4) विभिन्न प्रकार की खाने की चीज़ों के चित्रों वाले फ़्लैश कार्ड दिखाएँ ।

63. प्राथमिक कक्षाओं में पर्यावरण अध्ययन के लिए निम्नलिखित सभी सामान्य उपागमों का अनुपालन किया जाना है, केवल इसे छोड़कर

A. मूर्त से अमूर्त

B. सरल से कठिन

C. स्थानीय से वैश्विक

D. अमूर्त से मूर्त

(1) केवल D

(2) केवल A और B

(3) केवल B और C

(4) केवल B

aglasem.com

64. Study the following table :

	June 2007	December 2014
Price of petrol in ₹/litre	47·74	61·33
Price of diesel in ₹/litre	35·21	50·51

After studying the above table, Devmeet a class V student, wrote the following in his notebook :

A. Petrol is a more expensive fuel than diesel.

B. The percentage increase in price of diesel is more than that of petrol.

C. Diesel is cheaper and that is why public transport runs on it.

D. Diesel is a cheaper fuel than petrol. People should buy diesel vehicles.

Which one of the following is correct ?

(1) C and D are inferences

(2) A and D are observations

(3) A and C are observations

(4) B and C are inferences

65. Mahika, a teacher of class V, wants her students to observe the plants in the surroundings. For meaningful learning, what should she encourage the children to do ?

(1) Appreciating that plants are useful for us

(2) Writing the names of maximum number of plants

(3) Observing the difference in their heights, leaves, smell and place of growing

(4) Understanding that plants are living beings

66. Which of the following should ***not*** be an appropriate indicator for assessment in EVS at primary level ?

(1) Questioning

(2) Concern for justice and equality

(3) Cooperation

(4) Remembering

64. निम्नलिखित तालिका का अध्ययन कीजिए :

	जून 2007	दिसम्बर 2014
पेट्रोल का मूल्य ₹ /लीटर में	47·74	61·33
डीज़ल का मूल्य ₹ /लीटर में	35·21	50·51

उपर्युक्त तालिका का अध्ययन करने के बाद कक्षा V के विद्यार्थी देवमीत ने अपनी नोटबुक में यह लिखा :

A. पेट्रोल डीज़ल की अपेक्षा अधिक महँगा ईंधन है ।

B. पेट्रोल की अपेक्षा डीज़ल के मूल्य में वृद्धि का प्रतिशत अधिक है ।

C. डीज़ल सस्ता है इसलिए सार्वजनिक परिवहन इस पर चलता है ।

D. डीज़ल पेट्रोल से सस्ता ईंधन है । लोगों को डीज़ल वाली गाड़ियाँ खरीदनी चाहिए ।

निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(1) C तथा D निष्कर्ष हैं

(2) A तथा D प्रेक्षण हैं

(3) A तथा C प्रेक्षण हैं

(4) B तथा C निष्कर्ष हैं

65. कक्षा V की अध्यापिका माहिका चाहती है कि उसके विद्यार्थी आस-पास के पौधों का अवलोकन करें । सार्थक अधिगम (सीखने) के लिए उसे बच्चों को क्या करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए ?

(1) समझना कि पौधे हमारे लिए उपयोगी होते हैं

(2) अधिकतम पौधों के नाम लिखना

(3) उनकी ऊँचाई, पत्तियों, गंध और उगने के स्थान में अन्तर का अवलोकन करना

(4) समझना कि पौधे भी सजीव होते हैं

66. प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन के आकलन के निम्नलिखित में से कौन-सा एक संकेतक उपयुक्त है ?

(1) प्रश्न पूछना

(2) न्याय और समानता के प्रति चिंता

(3) सहयोग

(4) स्मरण रखना

aglasem.com

67. Your principal asks you to take class V students on an educational visit. What would you include while planning for such a visit to make it meaningful ?

(1) Asking students to find and read the information about the place to be visited

(2) Taking enough food and games to enjoy

(3) Ensuring that students should be disciplined and should visit the place quietly

(4) Preparing structured activity sheet about the place to be visited and sharing the same with the students before the visit for an authentic and meaningful learning

68. Stories and poems can be effectively used in teaching of EVS at primary level. The main purpose of using them in EVS is to

(1) providing contextual learning environment

(2) make lessons enjoyable

(3) promote linguistic skills

(4) cater to diversity in classroom

69. How would a primary teacher effectively assess her students of class IV on the topic of "Scarcity of water" ?

(1) Conducting a written test on the above topic

(2) By finding out how they have started saving water in their day-to-day life

(3) Organising a poster making activity on water conservation

(4) Asking children to write slogans on saving water

70. 'Mapping' at primary level promotes which of the following skills in learners ?

(1) Calculations and Estimations

(2) Drawing according to scale

(3) Idea about relative positions and orientations

(4) Neat drawing

67. आपके प्रधानाचार्य ने आपको कहा कि कक्षा V के विद्यार्थियों को शैक्षिक अवलोकन यात्रा के लिए ले जाएँ । इस अवलोकन यात्रा को सार्थक बनाने के लिए आप अपनी योजना में क्या सम्मिलित करेंगी ?

(1) जहाँ जाना हो उसके बारे में जानकारी प्राप्त करने और पढ़ने के लिए विद्यार्थियों को कहना

(2) आनन्द के लिए पर्याप्त भोजन और खेलों को साथ ले जाना

(3) यह सुनिश्चित करना कि विद्यार्थी अनुशासित रहें और उस स्थान का शांतिपूर्वक अवलोकन करें

(4) क्रियाकलापों की एक स्तरीकृत शीट उस स्थान के बारे में तैयार करना और प्रामाणिक तथा सार्थक अध्ययन के लिए उसे विद्यार्थियों के साथ यात्रा से पूर्व साझा करना

68. प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण में कहानियों और कविताओं का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सकता है । पर्यावरण अध्ययन में इनके उपयोग का मुख्य उद्देश्य है

(1) सीखने के लिए संदर्भगत वातावरण प्रदान करना

(2) पाठों को आनन्ददायक बनाना

(3) भाषिक कौशलों को बढ़ावा देना

(4) कक्षा की विविधता की पूर्ति

69. एक प्राथमिक स्तर की अध्यापिका "जलाभाव" के विषय पर अपने कक्षा IV के बच्चों को प्रभावपूर्ण तरीके से किस प्रकार आँकेगी ?

(1) उपर्युक्त विषय पर एक लिखित परीक्षा का आयोजन करके

(2) यह पता करके कि उन्होंने अपने दैनिक जीवन में जल की बचत कैसे प्रारम्भ की है

(3) जल संरक्षण में पोस्टर बनाने की गतिविधि का आयोजन करके

(4) बच्चों को जल संरक्षण पर नारे लिखने के लिए कहकर

70. प्राथमिक स्तर पर 'मानचित्रांकन' सिखाने से शिक्षार्थियों में निम्नलिखित में से किस कौशल को बढ़ावा मिलता है ?

(1) गणनाएँ और अनुमान

(2) माप के अनुसार चित्रण करना

(3) सापेक्ष स्थिति और दिशाबोध की जानकारी

(4) साफ-सुथरा रेखांकन

aglasem.com

71. This plant has leaves which are used as vegetables. Its seeds are used to produce oil. The plant is

(1) Coconut
(2) Cabbage
(3) Mustard
(4) Spinach

72. Which one of the following is a set of diseases caused/spread by mosquitoes ?

(1) Cholera, Dengue, Malaria
(2) Chikungunya, Dengue, Malaria
(3) Chikungunya, Cholera, Typhoid
(4) Chikungunya, Malaria, Typhoid

73. On a state map, at its one corner it is mentioned "Scale 1 cm = 110 meters". If on the map the measured distance between any two cities is 9·7 cm, the actual distance between the two cities is approximately

(1) 2·01 km
(2) 11 km
(3) 10 km
(4) 1·067 km

74. Study the following statements about bronze :

A. It is an element like aluminium, iron and copper.
B. It is made by melting copper and tin in a furnace.
C. Tribal people have been using bronze since thousands of years.
D. The objects made of bronze are lighter but much stronger than those made of aluminium.

The correct statements are

(1) Only B and C
(2) A, B and C
(3) B, C and D
(4) Only A and D

71. इस पौधे में पत्तियाँ हैं जिन्हें सब्ज़ी की तरह प्रयोग में लाया जाता है । इसके बीजों से तेल प्राप्त किया जाता है । यह पौधा है

(1) नारियल
(2) बंदगोभी
(3) सरसों
(4) पालक

72. निम्नलिखित में से कौन-सा मच्छरों से होने/फैलने वाले रोगों का समुच्चय है ?

(1) हैजा, डेंगू, मलेरिया
(2) चिकनगुनिया, डेंगू, मलेरिया
(3) चिकनगुनिया, हैजा, मियादी बुखार
(4) चिकनगुनिया, मलेरिया, मियादी बुखार

73. किसी राज्य के मानचित्र के एक सिरे पर यह लिखा थ "स्केल 1 सेमी = 110 मीटर" । यदि इस मानचित्र प किन्हीं दो शहरों के बीच की दूरी 9·7 सेमी मापी जात है, तो इन दोनों शहरों के बीच की वास्तविक दूरी है लगभग

(1) 2·01 किमी
(2) 11 किमी
(3) 10 किमी
(4) 1·067 किमी

74. कांसा (ब्राँज़) के बारे में निम्नलिखित कथनों क अध्ययन कीजिए :

A. यह ऐलुमिनियम, आयरन और कॉपर जैसा ही ए तत्त्व है ।
B. इसे भट्टी में कॉपर और टिन को पिघलाकर बना जाता है ।
C. आदिवासी लोग ब्राँज़ का उपयोग हज़ारों वर्षों कर रहे हैं ।
D. ब्राँज़ की बनी वस्तुएँ ऐलुमिनियम की बनी वस्तु की तुलना में हल्की परन्तु कहीं अधिक मज़ (टिकाऊ) होती हैं ।

इनमें सही कथन हैं

(1) केवल B और C
(2) A, B और C
(3) B, C और D
(4) केवल A और D

aglasem.com

75. Which of the following is/are tools and techniques of assessment in EVS at primary level ?

A. Project work

B. Field trip

C. Journal writing

D. Concept mapping

(1) Only D

(2) A, B, C and D

(3) Only A and B

(4) Only B and C

76. Which one of the following strategies seems most appropriate for teaching maps to primary graders ?

(1) Instructing learners to bring the map of India from their home

(2) Showing an atlas to learners and asking them to locate different places

(3) Facilitating learners to construct maps of their immediate surroundings by using their own symbols and focusing on relative position and direction of things

(4) Drawing of the map by the teacher on the black-board and asking learners to locate different places

77. Which one of the following should be a most important aspect of EVS teaching at primary level ?

(1) Achieving success in assessment

(2) Understanding the basic concepts of science

(3) Connecting learners to the natural and socio-cultural environment

(4) Conducting activities and developing skills

75. निम्नलिखित में से कौन-से प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन में आकलन के लिए उपकरण और तकनीकें हैं/है ?

A. परियोजना कार्य

B. क्षेत्र भ्रमण

C. जर्नल (Journal) लिखना

D. विचार मानचित्रण

(1) केवल D

(2) A, B, C और D

(3) केवल A और B

(4) केवल B और C

76. प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को मानचित्र-शिक्षण के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी युक्ति सर्वाधिक उपयुक्त प्रतीत होती है ?

(1) शिक्षार्थियों को निर्देश देना कि वे घर से भारत का मानचित्र लेकर आएँ

(2) शिक्षार्थियों को एटलस दिखाना और विभिन्न स्थानों की स्थिति बताने के लिए कहना

(3) शिक्षार्थियों की सहायता करना कि वे अपने ही संकेतों का उपयोग करते हुए अपने निकटतम परिवेश का मानचित्र बनाएँ तथा वस्तुओं की सापेक्ष स्थिति और दिशा पर ध्यान केन्द्रित करें

(4) अध्यापक द्वारा श्यामपट पर मानचित्र बनाना तथा शिक्षार्थियों को विभिन्न स्थानों की स्थिति बताने को कहना

77. प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन पढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा पहलू सबसे महत्त्वपूर्ण होना चाहिए ?

(1) आकलन में सफलता प्राप्त करना

(2) विज्ञान की आधारभूत संकल्पनाओं (अवधारणाओं) को समझना

